प्र. १ ससंदर्भ व्याख्या कीजिए । २०

अ) बड़ी साधना और तपस्या के बाद मनुष्य ने इस आहिम मनोवृत्तियों पर विजय पाई है । वे वृत्तियाँ दबी है; किन्तु फिर भी वर्तमान है ।

अथवा

यदि किसी देश का बाह्य रुप सम्मान योग्य तथा सुन्दर नहीं बन सका है, तो समझना चाहिए कि उस राष्ट्र की आत्मा में एक उच्च जगत का निर्माण किया जाना शुरु नहीं हुआ है ।

ब) जब हर रात थकान से चूर होकर आप सोयें, तो आपको लगे कि इन चौबीस घंटो में मेरा व्यक्तित्व कुछ और संपन्न हो गया है ..... ऐसा हमारा लक्ष्य होना चाहिए ।

अथवा

अतीत के उस आलोक – गवाक्ष को बंद करने का प्रयास करो । अतीत तुम्हारा नहीं रहा ।

प्र. २ 'अशोक के फूल' निबंध संग्रह के निबंधो के माध्यम से द्विवेदीजी ने मानवमात्र को लोक–कल्याण का संदेश दिया है – स्पष्ट कीजिए । २०

अथवा

'सावधानी की आवश्यकता' निबंध के आशय को अपने शब्दों में लिखिए ।

प्र. ३ वर्षा वशिष्ठ के जीवन में आये विभिन्न स्थितियों की चर्चा कीजिए । २०

अथवा

'मुझे चाँद चाहिए' उपन्यास शिल्प की दृष्टी से नूतन प्रयोग है – स्पष्ट कीजिए ।

प्र. ४ निम्नलिखित में से किन्ही दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए । २०

अ) वर्षा के जीवन में दिव्या कत्याल की भूमिका का महत्व समझाइए ।

ब) 'अशोक के फूल' में व्यक्त प्रकृति योजना पर चर्चा कीजिए ।

क) 'अशोक के फूल' की भाषा पर प्रकाश डालिए ।

प्र. ५ अ) एक वाक्य में उत्तर लिखिए । १०

१) वनमानुष का चिंतामग्न चेहरा क्यों है ?

२) कुत्ते की स्वामिभक्ति किस प्रकार दिखाई देती है ?

३) साहित्य साधकों को देवता बनने के लिए क्या करना होगा ?

४) घर फूँकने का अर्थ क्या है ?

५) रवीन्द्रनाथ ने भारतवर्ष को 'महामानव समुद्र' क्यों कहा ?

६) वर्षा की सात पीढ़ियो ने नहीं किया ऐसा कौनसा काम वर्षा ने किया ?

७) नाम परिवर्तन को लेकर वर्षा ने पिता को क्या उत्तर दिया ?

८) शर्मा परिवार में गायत्री के विवाह की समस्या क्यों थी ?

९) हर्ष को आत्महत्या क्यों करनी पड़ी ?

१०) वर्षा वशिष्ठ ने ट्युशन लेना क्यों शुरु किया ?

ब) जोड़े मिलाइए । ६

१) शांतिप्रिय द्विवेदी	नया साहित्य नए प्रश्न
२) आचार्य नंददुलारे वाजपेयी	युग और साहित्य
३) डॉ. वासुदेवशरण अग्रवाल	शेष यात्रा
४) उषा प्रियंवदा	कला और संस्कृति
५) सूर्यबाला	कठगुलाब
६) मृदुला गर्ग	यामिनीकथा

क) सही विकल्प चुनिए । ४

१) विष्णुकांता नाम इसका है –

अ) घास ब) ईश्वर

क) मनुष्य ड) पती

२) जब गुरुदेव का चिताभस्म आश्रम लाया गया तव सबसे आगे थे –

अ) हजारी प्रसाद द्विवेदी ब) क्षितिमोहन सेन

क) किसनदास ड) जनता

३) वर्षा के बेटे का नाम है –

अ) हेमंत ब) अरब

क) वसंत ड) जय

४) किसनदास की बड़ी बेटी का नाम है –

अ) वर्षा ब) गायत्रीदेवी

क) सिलबिल ड) दिव्या
